# KHAN GLOBAL STUDIES

## The Most Trusted Learning Platform

**SSC GD FOUNDATION 2024 -25**

**Bilingual**



**PRABHU SIR**

→ 86वां CAA 2002 के द्वारा
11वां मौलिक कर्तव्य जोड़ा गया।

42वां CAA 1976

CAA

मौलिक कर्तव्य → USSR (11)
Fundamental Duties

भाग-4A
Part-4

अनुच्छेद -51A
Article-51A

→ मूल संविधान मे मौलिक कर्तव्य — 0 → 26 जन 1950

→ सरदार स्वर्ण सिंह समिति के सिफारिश पर 42 CAA 1976
10 मौलिक कर्तव्य
8 मांगे

# मौलिक कर्तव्य Fundamental Duties- ART. 51 A

यह मूल संविधान का हिस्सा नहीं था , इसे सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर 42 CAA 1976 के द्वारा 10 कर्तब्यो को शामिल किया गया। It was not a part of the original Constitution, it was included in 10 duties by 42 CAA 1976 on the recommendation of Sardar Swaran Singh Committee.

86वा CAA 2002 के द्वारा 11वा कर्तब्य शामिल किया गया , अब इसकी कूल संख्या 11 हैं।The 11th Act was added by 86th CAA 2002, now its total number is 11. स्वर्ण सिंह समिति ने 8 मौलिक कर्तब्य की मांग किया था।Swarn Singh Committee had demanded 8 fundamental duties.

इसे तात्कालिक पूर्व सोवियत संघ रूस से लिया गया है।It is taken from the immediate former Soviet Union, Russia.

भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य होगा-It will be the duty of every citizen of India-

(ए) संविधान का पालन करना और उसके आदर्शों और संस्थानों, राष्ट्रीय ध्वज और राष्ट्रगान का सम्मान करना; To abide by the Constitution and respect its ideals and institutions, the national flag and the national anthem;

(बी) उन महान आदर्शों को संजोना और उनका पालन करना जिन्होंने स्वतंत्रता के लिए हमारे राष्ट्रीय संघर्ष को प्रेरित किया; to cherish and follow the noble ideals which inspired our national struggle for independence;

(सी) भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को बनाए रखना और उसकी रक्षा करना; to maintain and protect the sovereignty, unity and integrity of India;

(डी) देश की रक्षा करना और ऐसा करने के लिए बुलाए जाने पर राष्ट्रीय सेवा प्रदान करना; to defend the country and render national service when called upon to do so;

(ई) धार्मिक, भाषाई और क्षेत्रीय या अनुभागीय विविधताओं से परे भारत के सभी लोगों के बीच सद्भाव और समान भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना; महिलाओं की गरिमा के प्रति अपमानजनक प्रथाओं का त्याग करना; to promote harmony and the spirit of common brotherhood among all the people of India irrespective of religious, linguistic and regional or sectional diversities; to abandon practices derogatory to the dignity of women;

(F) हमारी समग्र संस्कृति की समृद्ध विरासत को महत्व देना और संरक्षित करना; to value and preserve the rich heritage of our composite culture;

(G) वनों, झीलों, नदियों और वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा और सुधार करना और जीवित प्राणियों के प्रति दया रखना; to protect and improve the natural environment including forests, lakes, rivers and wild life and to have compassion for living beings;

(H) वैज्ञानिक स्वभाव, मानवतावाद और जांच और सुधार की भावना विकसित करना; To develop scientific temperament, humanism and the spirit of inquiry and reform;

(I) सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करना और हिंसा का त्याग करना; to protect public property and to renounce violence;

(J) व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता की दिशा में प्रयास करना ताकि राष्ट्र लगातार प्रयास और उपलब्धि के उच्च स्तर तक पहुंच सके; To strive towards excellence in all fields of individual and collective activity so that the nation be able to reach higher levels of sustained effort and achievement;

(K) जो माता-पिता या अभिभावक है, वह छह से चौदह वर्ष की आयु के बीच के अपने बच्चे या, जैसा भी मामला हो, प्रतिपाल्य को शिक्षा के अवसर प्रदान करेगा। who is a parent or guardian, Provide opportunities for education to his child or ward, as the case may be, between the age of six to fourteen years.

→ मौलिक कर्तव्य वाद योग्य नही है।

→ मौलिक कर्तव्य थोपा नही जायेगा।

भारतीय संविधान निम्न में से कौन-सी नागरिकता प्रदान करता है?

(a) दोहरी → अमेरिका → राज्य, देश

(b) इकहरी → ब्रिटेन से

(c) उपरोक्त दोनों

(d) उपरोक्त से कोई नहीं

भारतीय संविधान के भाग-2 में किन अनुच्छेदों में नागरिकता संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है?

(a) अनुच्छेद 12-35 → मौलिक अधिकार

(b) अनुच्छेद 36-51 → DPSP

(c) अनुच्छेद 5-11 → नागरिकता

(d) अनुच्छेद 5-12

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत में दोहरी नागरिकता का प्रावधान है। ✗
2. भारत में इकहरी (एकल) नागरिकता का प्रावधान है। ✓
3. संसद को नागरिकता से संबंधित कानून बनाने का अधिकार प्राप्त नहीं है। ✗
4. 'नागरिकता' में स्थायी उपबंध हैं। ✗ → 1955 → संशोधन

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) केवल 1,3 और 4
(d) केवल 2,3 और 4

निम्नलिखित में से भारत में नागरिकता निर्धारण का विशिष्ट अधिकार किसे प्राप्त है?

(a) न्यायालय

(b) राष्ट्रपति

(c) लोकसभा

(d) केंद्रीय सरकार ✓ भारत सरकार

(e) राज्य सरकार

निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आधार कार्ड का प्रयोग नागरिकता या अधिवास के प्रमाण के रूप में किया जा सकता है।

2. एक बार जारी करने के पश्चात् इसे निर्गत करने वाला प्राधिकरण आधार संख्या को निष्क्रिय या लुप्त नहीं कर सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 न ही 2

संसद द्वारा पारित किस अधिनियम में नागरिकता के अर्जन व समाप्ति के प्रावधान हैं?

(a) नागरिकता अधिनियम, 1955

(b) नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 1986

(c) नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2003

(d) नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2015

निम्नलिखित में से किस वर्ष नागरिकता अधिनियम, 1955 में संशोधन नहीं किया गया है?

(a) वर्ष 1986 → 1 जुलाई 1987 से लागू

(b) वर्ष 1963

(c) वर्ष 2003

(d) वर्ष 2015

. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नागरिकता अधिनियम, 1955 में नागरिकता अर्जन के 5 शर्तों का उल्लेख है।

2. नागरिकता अधिनियम, 1955 में नागरिकता समाप्ति के तीन आधारों की बात कही गई है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2015 में किस कार्डधारक का विलय किसमें किया गया है?

(a) PIO का OCI में

(b) NRI का PIO में

(c) NRI का OCI में

(d) OCI का PIO में

भारतीय नागरिकता नहीं प्राप्त की जा सकती है

पंजीकरण
वंश के आधार

(a) जन्म द्वारा

(b) देशीयकरण द्वारा

(c) किसी 'भू-भाग के सम्मिलन द्वारा

(d) भारतीय बैंक में धन जमा करके

. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2015 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन 'भारतीय कार्डधारक प्रवासी के रूप में पंजीकृत होने के लिये अर्ह नहीं है?

(a) एक अवयस्क बच्चा, जिसके अभिभावक भारतीय नागरिक हैं।

(b) भारतीय नागरिक की विदेशी मूल की पत्नी।

(c) वे भारतीय जो विभाजन के उपरांत पाकिस्तान प्रवासित हो गए।

(d) एक व्यक्ति के परपोते/परपोती जो दूसरे देश के नागरिक हैं, किंतु जिसके पितामह/पितामही, मातामह/मातामही संविधान लागू होने के समय भारतीय नागरिक हों।

किस देश में दोहरी नागरिकता का सिद्धांत स्वीकार किया गया है?

(a) भारत

(b) कनाडा

(c) ऑस्ट्रेलिया

(d) संयुक्त राज्य अमेरिका

. नागरिकता का अर्थ है

1. नागरिकों के पूर्ण सिविल एवं राजनैतिक अधिकार
2. लोकसभा (संघ की) और हर राज्य की विधान सभा के निर्वाचन के लिये मताधिकार
3. संसद और विधान सभाओं का सदस्य बनने का अधिकार

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये।

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 1 और 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

. नागरिकता अधिनियम, 1955 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी रीति, नागरिकता प्राप्त करने की रीति नहीं है?

(a) वंशानुक्रम

(b) पंजीकरण

(c) राज्यक्षेत्र का सम्मिलित होना

(d) विदेशी नागरिकता/दोहरी नागरिकता

भारतीय संविधान के किन अनुच्छेदों में नागरिकता सम्बन्धी प्रावधान किए गए है ?

(A) अनुच्छेद 1-4

(B) अनुच्छेद 5-11

(C) अनुच्छेद 12-35

(D) अनुच्छेद 36-51

# KHAN GLOBAL STUDIES

## Most Trusted Learning Platform

# THANKS FOR WATCHING